**भारत सरकार**

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न संख्या: 156

उत्तर देने की तारीख: 18.11.2019

**विश्वविद्यालय को परिवर्तित करना**

**156. श्री दिलेश्वर कामैतः**

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा पटना विश्वविद्यालय सहित देश में कितने विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में परिवर्तित करना प्रस्तावित है और उक्त प्रक्रिया हेतु अपनाया गया मानदण्ड क्या है;

(ख) बिहार में किसी भी विश्वविद्यालय द्वारा केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त नहीं करने के क्या कारण हैं; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**मानव संसाधन विकास मंत्री**

**(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')**

(क) से (ग) : वर्तमान में, पटना विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय में परिवर्तित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। बिहार राज्य में गया, मोतिहारी और नालंदा में तीन केंद्रीय विश्वविद्यालय पहले से ही कार्यात्मक हैं। हालांकि, राज्य सरकार ने मोतिहारी में केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए भूमि का हस्तांतरण अभी तक नहीं किया है। इसके अतिरिक्त, बिहार के लिए प्रधानमंत्री पैकेज में विक्रमशिला विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक स्थल पर भागलपुर के निकट एक नए केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना का भी प्रस्ताव है। एक नीति निर्णय के रूप में, यह मंत्रालय विरासत मुद्दों, मौजूदा स्टाफ के समायोजन और संबद्ध कॉलेजों की असंबद्धता के कारणों से किसी विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय में परिवर्तन करने से बचता है।

राष्ट्रीय विकास परिषद द्वारा अनुमोदित 12वीं योजना (2012-17) के अनुसार, उच्चतर शिक्षा प्रणाली के समेकन पर जोर दिया जाता है और नई संस्थाओं की स्थापना के स्थान पर विस्तार मुख्यत: मौजूदा संस्थाओं की क्षमता को बढ़ाकर किया जाएगा। इसके अलावा,

‘शिक्षा’ समवर्ती विषय होने के नाते, राज्य सरकार भी नए विश्वविद्यालयों की स्थापना हेतु पहल कर सकती है।

*****